

# बेबी गर्ल ड्रेस

**इस ट्यूटोरियल में आप अपनी बच्ची के लिए ड्रेस बनाना सीखेंगे।**





अगर आप उन भाग्यशाली में से हैं जिनकी एक छोटी लड़की है जो आपके लिए पूरी दुनिया है, तो हमें यकीन है कि आप अपनी अनमोल और प्यारी बच्ची को उनकी खुशियों के लिए प्रदर्शित करना चाहेंगे! यह ट्यूटोरियल उन सभी के लिए जो सचमुच उसे प्यार से तैयार करना चाहते हैं। इस ट्यूटोरियल में आप अपनी बच्ची के लिए ड्रेस बनाना सीखेंगे। तो आइए शुरू करते हैं यह सुपर-सिंपल और सुपर-क्यूट ट्रेंडी ड्रेस।

आपको एक ड्रेस टेम्प्लेट की आवश्यकता होगी, जिसे आप हमारी वेबसाइट **ushasew.com** से डाउनलोड कर सकते हैं।
यह ड्रेस बनाने के लिए आपको चाहिए होगा: 30 इंच लम्बाई और पूरी चौड़ाई (जो कि आमतौर पर 45 - 50 इंच के आसपास होता है) का कपड़े का एक टुकड़ा, सेफ्टी पिन्स, सजावट के लिए ब्रोच, 1 इंच चौड़ा 2 **x** 42 इंच लंबाई का रिबन, धागे, मेजरिंग टेप, मार्कर, और कैंची की एक जोड़ी।

कपडे को चार बार फोल्ड करे... इस तरह...

टेम्पलेट को कपड़े के फोल्डेड पीस पर रखें... इस पॉइंट से इस पॉइंट तक गारमेंट की लंबाई को मार्क होती है। निचले मार्क पॉइंट से टेम्पलेट के अंत तक निचला हेम अलाउंस है।









इसी प्रकार टॉप मार्क्ड लाइन और किनारे के ऊपर की जगह अपर केसिंग अलाउंस है। यह आर्म-होल लाइन और साइड सीम है।

दूसरी लाइन चेस्ट लेवल है जिसमें इज़ नेस और सीम अलाउंस शामिल है। टेम्पलेट को कपड़े पर पिन करने के लिए बीडेड पिन का उपयोग करें और मार्कर का उपयोग करके कपड़े पर इसकी आउटलाइन ट्रेस करे जैसे कि ट्यूटोरियल में दिखाया गया है।

मार्क की गई लाइनों के साथ काटें। पिन निकाल लें। कपड़े को अनफोल्ड करें और दो टुकड़ों को अलग करें।

अब जैसा कि आप यहां देख सकते हैं - इस तिरछे आर्महोल सीम अलाउंस को ¼ इंच के डबल फोल्ड के साथ मोड़ो। फोल्ड को पिन करें।

फोल्ड्स को दूसरी तरफ भी दोहराएं। इसी तरह कपड़े के दूसरे टुकड़े पर दोनों किनारों को फोल्ड करे।


अब, वक्त है इन फोल्डेड किनारों को सिलाई करने का। पैटर्न सिलेक्टर डायल में A स्टीच चुनें और स्टीच लेंथ को 2.5 पर सेट करें। फोल्डेड किनारों को सिले। सिलाई करते वक्त पिन्स निकालना न भूले।  ये ड्रेस के आर्महोल हैं। कपड़े के दोनों टुकड़ों पर चारो फोल्डेड किनारों को सिले।

उसके बाद, टॉप केसिंग अलाउंस को लगभग आधा इंच तक फोल्ड करे; और फिर से डेढ़ इंच। और पिन करें।
कपड़े के दूसरे टुकड़े पर भी इसे दोहराएं। अब, दोनों टुकड़ों के पिन किए गए किनारे के साथ केसिंग को सिले।

हम सीधे टांके का उपयोग करके शुरू करेंगे, तो पैटर्न सिलेक्टर को A पर और स्टीच लेंथ को ढाई पर सेट करे।

जैसे-जैसे आप सिलते जाए वैसे पिन निकालना याद रखे।  अब, हम दो टुकड़ों के साइड सीम को एक साथ सिलाई करेंगे।

सुनिश्चित करें कि कपड़े के दोनों टुकड़े के किनार एक साथ राइट साइड्स के साथ संरेखित है।





मशीन सेटिंग्स समान रहेगी - रिवर्स स्टिच से शुरू करें और दोनों टुकड़ों को एक साथ सिले। रिवर्स स्टीच के साथ समाप्त करना भी याद रखें।



दूसरी तरफ भी सिले। हेम अलाउंस को लगभग आधा इंच तक फोल्ड करे; और फिर से डेढ़ इंच। और पिन कर दें। अब ड्रेस की हेम लाइन को सिले। सिलाई करते वक्त पिन निकालते जाए।


हम किनारों को एक साफ फिनिशिंग देने के लिए, जिग-ज़ैग स्टीच से सिलाई करेंगे। पैटर्न सिलेक्टर को C में बदलें और स्टीच लेंथ को 1.5 पर करें। ड्रेस के दो साइड सीम के साथ जिग-जैग स्टिच करें।

सिलाई का काम अब पूरा हुआ है - आइए अब इसे पूर्णता की ओर ले जाए - यहां पर टॉप पर फोल्ड से बनाई गई टनल केसिंग के माध्यम से रिबन दाखिल करे।





सेफ्टी पिन की मदद से रिबन को केसिंग में से पास करें, जैसा कि ट्यूटोरियल में दिखाया गया है। रिबन के दूसरे टुकड़े का उपयोग करके इसे दूसरी तरफ भी दोहराएं।



ड्रेस की सीधी साइड को बाहर की ओर मोड़ें।

पोशाक पर कुछ गेधर लेने के लिए रिबन को खींचे। रिबन के छोर के साथ, दोनों तरफ, एक गाँठ बाँधें... इस तरह से सुन्दर चाप बनाएं। वे पट्टियाँ हैं जो नेक और आर्महोल बनती हैं।

ड्रेस के ऊपर ब्रोच को पिन करें।



प्यार से बनाई आपकी छोटी ड्रेस तैयार है - क्या आपको अपना काम पसंद आया? वक्त है अपनी छोटी गुड़िया को सुंदर नई ड्रेस के साथ तैयार करने का। अपनी बच्ची पर जांचने वाली ड्रेस बनाने के लिए विभिन्न प्रिंट वाले कपड़े और सजावटी ब्रोच की वैरायटी में से चुनें। वास्तव में, एक कदम आगे बढ़ें और हमारे द्वारा सिखाई गई व्यापार की सभी ट्रिक्स का उपयोग करें और विभिन्न प्रकार के ड्रेस बनाने के लिए प्रयोग करें जो आपकी छोटी राजकुमारी को सबसे अनोखी बनाए।